कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 03/01/2025

विषयः- नाबालिक गुमशुदा बच्चे को थाना चेतगंज पुलिस द्वारा तलाश कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

घटना का विवरणः- दिनांक- 31.12.2024 को पिपलानी तिराहा कबीर मठ के पास से 11 वर्षीय बालक के गुम हो जाने के संबंध में थाना चेतगंज पर वादी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित द्वारा की जा रही थी। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 03.01.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित मय पुलिस टीम व वादी मुकदमा के मीरघाट थाना दशाश्वमेघ पहुँचे जहाँ पर मीरघाट मे सीढियो पर खेलते हुये उपरोक्त गुमशुदा बालक दिखाई दिया उपरोक्त गुमशुदा बालक की पहचान पिता से कराकर, उपरोक्त गुमशुदा बालक को उसके पिता के साथ थाना चेतगंज लाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी- उम्र 11 वर्ष बालक निवासी पिपलानी तिराहा कबीर मठ

बरामदगी/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री दिलीप कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक चेतगंज कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
3. हे0का0 नरेन्द्र तिवारी थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल,
पुलिस उपायुक्त जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।